August 21, 2025

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai - 400001

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, C-1, Block – G, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai - 400051

**Ref.: Indus Towers Limited (534816 / INDUSTOWER)**

**Sub.: Newspaper publication of Notice for transferring Equity Shares of the Company to the Demat Account of Investor Education and Protection Fund Authority ('IEPFA')**

Dear Sir/ Ma'am,

Pursuant to the provisions of Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of the newspaper publications published in Mint (English) and Hindustan (Hindi) today i.e., August 21, 2025, for the attention of shareholders of the Company regarding transfer of equity shares of the Company, in respect of which dividend remains unpaid/ unclaimed for a period of seven consecutive years or more, to the Demat Account of IEPFA in accordance with the requirements of Section 124(6) of Companies Act, 2013 read with Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016.

This is for your kind information and records.

Thank you,

Yours faithfully,

For **Indus Towers Limited**

SAMRIDHI RODHE Digitally signed by SAMRIDHI RODHE Date: 2025.08.21 12:52:30 +05'30'

**Samridhi Rodhe**
**Company Secretary & Compliance Officer**

***Encl.: As above***

# Mid-size IT firms rethinking growth in generative AI era

Firms adopting new metrics to assess short-term growth amid macroeconomic, GenAI risks

Jas Bardia
jas.bardia@livemint.com
BENGALURU

India's mid-size information technology outsourcers are quantifying new metrics to evaluate short-term growth in a bid to counter macroeconomic and generative AI threats.

While firms focus on better project execution when uncertain macroeconomic conditions force clients to cut tech spending, companies like Coforge Ltd and Persistent Systems Ltd are sharing other benchmarks to provide more clarity on their progress on revenue in these gloomy times.

Coforge, for instance, keeps a weekly count of the number of large deal proposals submitted. "For sales execution, we do not only use the standard measures of TCV, ACV (total and annual contract value) signed or year-on-year growth delivered to measure execution effectiveness of our sales team," Sudhir Singh, chief executive of Coforge, said at the post-earnings call with analysts on 24 July. "The measures are important, but we have learned that for us at Coforge, the single most important measure for turning in year after year of sustained performance is every week's count of proactive large-deal proposals submitted."

This approach to measuring and powering sales execution is "atypical", but "highly effective", he said.

Noida-based Coforge reported $442 million in revenue in April-June, up 9.6% sequentially. Much of its business came from the 13-year, $1.56 billion deal it bagged from Sabre, a Texas-based travel tech company. With this, it replaced Mphasis Ltd as India's seventh-largest IT services firm. Mphasis ended last quarter with $437 million, rising 1.6% sequentially.



Analysts say executable order book offers better revenue visibility than TCV or ACV when clients cut or delay spending.

Coforge is also working on a big bet, which includes geographic expansion, a new business unit, or a partnership.

"We also differ in execution in that we have never, ever given up on even one of the big bets that we have undertaken. If a big bet is not turning out as planned, the team working on it is reassigned, but the big bet is not given up; it is always delivered on," said Singh.

While Coforge is employing muscle on sales, a smaller peer is gauging executable order book as a metric besides annual total contract value of deals.

"When we look at it, revenue conversion is ACV (annual contract value) conversion and TCV (total contract value) conversion. What you don't see and what we measure ourselves is the executable order book," said Sandeep Kalra, executive director and CEO, Persistent Systems, at the company's post-earnings analyst interaction on 23 July.

Pune-based Persistent ended last quarter with $389.7 million in revenue, up 3.9% sequentially. Almost three-fourths of its incremental revenue came from banks and financial institutions, which is its largest cash cow.

June quarter growth at Coforge and Persistent was the second and third-fastest among the country's mid-cap IT companies earning between $1 billion and $5 billion in revenue. The only one ahead was India's eleventh-largest IT firm Sonata Software Ltd, which grew 14.66% to end with $346.5 million.

Coforge and Persistent ended with a market cap of ₹57,156.83 crore and ₹83,606.75 crore at the end of trading hours on Wednesday, respectively.

Another commonality between the two is stability. Singh, a former Infosys executive, is CEO of Coforge since May 2017, while Kalra is CEO of Persistent since October 2020. While Singh is based in New Jersey, Kalra works from Pennsylvania. "An executable order book gives more clarity on revenue that will come in 6-12 months," said Amit Chandra, vice-president for HDFC Securities. Traditional metrics like total and annual contract values do not convey much when macroeconomic issues compel clients not to pay tech service providers on time, he added.

Revenue clarity is key for IT firms, but client-driven scope changes mean TCV and ACV may not reflect much, said Chandra.

*For an extended version of the story go to* livemint.com

## GROWTH PIVOTS

- **FOR** sales execution, firms no more track just total contract value (TCV), annual contract value (ACV)
- **COFORGE** tracks weekly large-deal proposals instead of relying only on traditional measures
- **PERSISTENT** uses executable order book as a strategic growth metric besides ACV or TCV
- **JUNE** quarter growth at Coforge (9.6%), Persistent (3.9%) was 2nd and 3rd fastest for mid-cap IT firms

# Southern movies script a new screenplay for national reach

Lata Jha
lata.j@htlive.com
NEW DELHI

From Patna to prime-time TV, South Indian films are no longer restricting their promotions to their home turf.

Big-budget productions and mid-scale films are aggressively chasing Hindi-speaking audiences with national campaigns, influencer-driven activations, and bilingual outreach, marking a sharp break from an once-localised publicity playbook.

With the Hindi belt contributing a significant chunk of box office revenue via dubbed version, Telugu and Tamil movies are pulling out all stops—from city tours and media pushes to interactive vlogs, games, and digital collectibles. The goal is clear: to build on the success of hits like *RRR*, *KGF*, *Kantara*, and *Pushpa 2: The Rule*.

Last December, Allu Arjun's *Pushpa 2* set the tone by kick-starting promotions in markets like Patna before raking in over ₹830 crore from its Hindi version alone. "There's a clear shift in how South Indian filmmakers and stars are approaching promotions. Movies like *Thugs of Life* signal a growing ambition to create a nationwide pull, with stars stepping up for city tours, national TV appearances , and cross-platform campaigns. The push is driven by blockbuster success of crossover films such as *Pushpa*, *RRR*, and *Kantara*, which proved strategic promotions can significantly widen a film's reach and revenue," said Chaaya Baradhwaaj, founder and MD, BC Web Wise, a digital marketing agency.


Last December, *Pushpa 2* began promotions in Patna before earning over ₹830 cr from the Hindi version alone. @ALLUARJUN/X

Promotional strategies now go far beyond standard trailer drops and posters, he added.

Innovations include regional influencer tie-ups, vernacular meme marketing, AR (artificial reality) filters, gamified reels, and pre-release content drops on music and OTT platforms. Tamil film *Leo* and *Jailer* leveraged fan-generated content and regional brand tie-ins to fuel a pre-release buzz.

**Big-budget, mid-scale movies are leveraging city tours, influencer tie-up, interactive content to build pan-India appeal**

South Indian film is blending regional authenticity with pan-Indian ambition, said Bryan Louis, associate account director of digital marketing agency White Rivers Media. "Digital innovation meets on-ground activities through interactive social media, live Q&As, and creative installations, all designed for broad appeal. High production values, influencer collaborations, and bilingual releases extend the impact further," Louis said.

South Indian film teams are seriously levelling up the promotional game and this reflects a growing awareness that the film's success isn't just about content anymore—it's about the perception you build pre-release, said Neelesh Pednekar, co-founder and head of digital media at Social Pill, a digital marketing agency. "Earlier, promotions were largely local—press meets, regional interviews, maybe a trailer event. Now we see planned national campaigns, city tours, influencer activations, high-energy launch events, and even Hindi-language media pushes."

Experts say the success of the move is proof of what's possible when southern films are marketed outside home states. YouTube Shorts and Instagram Reels have created a level playing field, making language less of a barrier. Audiences are now willing to watch films across languages—if the hype is strong enough. As a result, even mid-scale Tamil, Telugu, and Malayalam films are investing in visibility from an early stage.

*For an extended version of this story, go to* livemint.com

## CORPORATE BUZZ

Mint Media Marketing Initiative

### PUNJAB & SIND BANK CELEBRATES 79th INDEPENDENCE DAY



Punjab & Sind Bank marked the 79th Independence Day with grandeur and patriotic zeal at Staff Training College in New Delhi. The programme began with the flag hoisting ceremony led by the MD & CEO, who also addressed the gathering, highlighting the bank's commitment towards nation-building, financial inclusion, and customer-centric growth. A spirited performance by the 105 Infantry Battalion TA (Rajputana Rifles) Band further uplifted the atmosphere of patriotism.

As part of the bank's commitment to sustainability, a plantation drive was conducted on the premises.

### CRYSTAL CONNEXIONS ALUMNI MEET 2025 CELEBRATED AT VIT CHENNAI

The Vellore Institute of Technology (VIT), Chennai, presented the alumni excellence awards to its alumni during the Crystal Connexions Alumni Meet held on August 15, 2025. Cinema Icon and Member of Parliament Dr Kamal Haasan graced the occasion as the chief guest. VIT Founder-Chancellor Dr G Viswanathan presided over the function and VIT Vice-President Dr GV Selvam welcomed the gathering.



### BEL AND CENTUM SIGN MoU TO DEVELOP ADVANCED TECHNOLOGY

Bharat Electronics Ltd (BEL), a leading Indian aerospace and defence company, and Centum Electronics Ltd (CENTUM), a global provider of Electronic System Design and Manufacturing (ESDM) solutions, have signed a Memorandum of Understanding (MoU) to collaborate on the design, development and manufacturing of advanced electronic modules, subsystems and systems for defence electronics, specifically targeting critical technology domains such as Electronic Warfare (EW), radar systems and secure military communications.



### MUTHOOTTU MINI FINANCIERS WINS ACCOLADES

Muthoottu Mini Financiers Ltd has been honoured with the 'Best Integrated Marketing Campaign (NBFC)' award at the 6th Edition CX Excellence Awards 2025, held in Bengaluru. The award recognised Muthoottu Mini's 'Small Gold Loan for Your Small Needs' campaign, a nationwide initiative addressing the rising demand for small-ticket loans, especially in rural and semi-urban markets.



### CLW ROLLS OUT 300th LOCOMOTIVE OF FY 2025-26

Chittaranjan Locomotive Works (CLW) has manufactured 302 locos in 115 working days in the financial year 2025-26. The 300th electric locomotive of the financial year 2025-26 was rolled out on August 14 from the CLW workshop premises. Vijay Kumar, General Manager, congratulated the entire 'Team CLW' for this remarkable achievement. For this financial year (2025-26), the CLW has been given a production target of 777 locomotives.

A total of 302 locos were manufactured as on August 14, 2025, comprising 228 from CLW Chittaranjan and 74 from Dankuni Ancillary Unit. This remarkable accomplishment was achieved in a record 115 working days, marking the fastest production rate of 300 locos in any fiscal year.


K Sadashiv Murthy, Chairman & Managing Director, BHEL, addresses shareholders through video conferencing at the company's 61st Annual General Meeting, in the presence of the Board of Directors of the company, in New Delhi,


Hindustan Copper Ltd launched the Vigilance Awareness Campaign 2025 and a Capacity Building Training Program on CTE Type Intensive Examination. The initiative was digitally inaugurated by Chairman and MD Sanjiv Kumar Singh, in the presence of Dr Sanjeev Kumar Sinha, Dir (Operations and Mining) – Additional Charge, RVN Vishweshwar, Dir (Finance), Chief Vigilance Officer Harsimran Singh, and other senior officials from HCL Units via video conference.

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
IRRIGATION AND WATERWAYS DIRECTORATE
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
MAYURAKSHI CANAL CIRCLE
SURI, BIRBHUM
ABRIDGED RFB CORRIGENDUM NOTICE
RFB No. WBIW/SE/MCC/DRIP/RFB-02/2025-26
Due to unavoidable circumstances the Critical dates of this RFB have been changed. Last date & time of downloading of tender documents is 02.09.2025 upto 14:00 Hrs. Instead of 21.08.2025 upto 14:00 Hrs. Other details of tender notice may be seen at website www.wbiwd.gov.in & https://wbtenders.gov.in All other terms & conditions will remain unchanged until further order. Tender ID:- 2025_IWD_878376_1.
Sd/- Superintending Engineer, Mayurakshi Canal Circle, Suri, Birbhum
ICA- T17773(3)/2025

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट नं0–1, सैक्टर के0पी0–4, ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्ध नगर – 201308, उ0प्र0
वेबसाइट : www.greaternoidaauthority.in, ई–मेल : authority@gnida.in
पत्रांकः वरि0प्र0/(ई–निविदा सेल)/2025/649 दिनांकः 19/08/2025
ई–निविदा आमंत्रण सूचना
महाप्रबंधक (अभियन्त्रण) ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा की ओर से ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–वरि0प्र0/(ई–निविदा सेल)/2025/648 दिनांक 19/08/2025 के माध्यम से उल्लेखित क्रम संख्या–01 से 11 तक के कार्य की ई–निविदायें आमन्त्रित की जाती है। समस्त नियम व शर्तें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट www.greaternoidaauthority.in पर ई– निविदा लिंक एवं ई–पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइटें देखते रहें।

| क्र.सं. | कार्य का नाम / वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| **निर्माण का कार्य** | | |
| 1. | ग्रेटर नोएडा के ग्राम खेरली हाफिजपुर में शमशान घाट के पहुच मार्ग पर इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं ड्रैन का कार्य। (वर्क सर्किल–8) | रू 24.56 लाख |
| 2. | ग्राम खेड़ी में नाले, सी0सी0 रोड एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल–2) | रू 67.53 लाख |
| 3. | ग्रेटर नोएडा के आई.टी.बी.पी. रोटरी का नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (वर्क सर्किल–5) | रू 94.83 लाख |
| 4. | ग्राम सलेमपुर गुर्जर, घंघौला, रौनी, अस्तौली, नवादा, पंचायचन एवं देवटा में 09 नग ई–लाइब्रेरी / सामाजिक प्रयोजन भवन का नवीनीकरण कार्य। (वर्क सर्किल–8) | रू 78.59 लाख |
| 5. | ग्रेटर नोएडा के सैक्टर–2 में 12 मीटर चौड़ी सड़क का रिसरफेसिंग और आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल–3) | रू 111.27 लाख |
| 6. | ग्राम हतेवा, नवादा, बिसायच, और घंघौला में, ई–लाइब्रेरी / सामाजिक प्रयोजन भवन का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल–8) | रू 131.64 लाख |
| 7. | ग्रेटर नोएडा के ग्राम बिसायच में मुख्य सड़क का रखरखाव एवं आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल–8) | रू 255.15 लाख |
| **अनुरक्षण कार्य** | | |
| 8. | ग्रेटर नोएडा के सैक्टर बीटा–1 में स्टॉफ क्वाटर का तीन वर्षों का विविध अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल–5) | रू 67.90 लाख |
| **विद्युतीकरण का कार्य** | | |
| 9. | ग्रेटर नोएडा के सैक्टर फाई–4 के एस सी / एस टी बालक छात्रावास के आन्तरिक विद्युत कार्य की रिवायरिंग और रखरखाव का कार्य। (वर्क सर्किल–ईएण्डएम–2) | रू 19.56 लाख |
| 10. | ग्रेटर नोएडा के जी0बी0यू0 रोड के टी पॉइट पर बैक रेगुलेटर पंप हाउस का नवीनीकरण, संचालन एवं रखरखाव का कार्य। (वर्क सर्किल–ईएण्डएम–2) | रू 42.55 लाख |
| 11. | ग्रेटर नोएडा के विभिन्न ग्रामों में (अवशेष कार्य) में एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट स्थापित करने का कार्य। (वर्क सर्किल–ईएण्डएम–2) | रू 219.10 लाख |

क्रम सं0–01, 02, 03, 04, 05, 06, 08, 09 एवं 10 पर अंकित कार्यों को दिनांक 21.08.2025 से 01.09.2025 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 03.09.2025 को 11:00 बजे खोली जाएगी एवं क्रम सं0-7 एवं 11 पर अंकित कार्यों को दिनांक 21-08-2025 से 03-09-2025 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 05.09.2025 को 11:00 बजे खोली जाएगी।
वरिष्ठ प्रबंधक (ई–निविदा सेल)
Follow Us On / OfficialGNIDA

INDUS TOWERS LIMITED
indus TOWERS
**CIN:** L64201HR2006PLC073821
**Regd. Office:** Building No. 10, Tower A, 4th Floor, DLF Cyber City, Gurugram-122002, Haryana
**Tel:** +91-124-4296766, **Fax:** +91-124-4289333
**Email id:** compliance.officer@industowers.com **Website:** www.industowers.com
**NOTICE**
**Transfer of equity shares of Indus Towers Limited to Investor Education and Protection Fund ("IEPF")**
This Notice is published pursuant to Section 124(6) of the Companies Act, 2013 **('the Act')** read with Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 **('the Rules')**, as amended. The Act and the Rules provide for the mandatory transfer of equity shares, in respect of which dividend remains unpaid/ unclaimed for a period of seven consecutive years or more, to IEPF.
Adhering to the aforesaid requirements, a communication is being/shall be sent individually to such Shareholders whose dividends remain unpaid/ unclaimed for seven consecutive years commencing from the date of declaration of dividend for the financial year 2018-2019 (1st Interim Dividend 2018-19) requesting them to claim the same on or before **Sunday, November 23, 2025,** by following the procedure laid down in the aforementioned correspondence.
In the interest of the Shareholders, e-mail communication is also being/shall be sent to those Shareholders whose e-mail addresses are registered with the Company. The Shareholders who do not have their email addresses registered may note that the requisite details of such shares which are liable to be transferred to IEPF along with the procedure for claiming the same, are uploaded on the website of the Company at https://www.industowers.com/investor/shares/. In the absence of receipt of a valid claim by the Shareholders within the mentioned timeframe, the Company will transfer the said shares to IEPF.
The Shareholders may note that the Company has uploaded the updated list of details of such shareholders whose equity shares are liable to be transferred to IEPF on its website at www.industowers.com.
Further dividend/ benefit, if any, in respect of equity shares so transferred shall also be credited to IEPF. No claim shall lie against the Company in respect of the dividend and the shares transferred to IEPF. On transfer of the dividend and shares to IEPF, the Shareholders may claim the same by making an application to IEPF Authority in Form IEPF-5, as per the Rules. The said form is available on the Company's website and on the website of IEPF Authority at www.iepf.gov.in.
In case the Shareholders have any queries, they may contact the Company's Registrar and Share Transfer Agent, KFin Technologies Limited, at their address Selenium Building, Tower B, Plot 31-32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Hyderabad- 500032. Toll Free No.: 1800-3094-001. Email id: einward.ris@kfintech.com. Website: www.kfintech.com.
For **Indus Towers Limited**
Sd/-
**Samridhi Rodhe**
**Company Secretary & Compliance Officer**
Place: Gurugram
Date: August 20, 2025

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, वेब. : www.mpstdc.com
क्रमांक 313/यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक : 20.08.2025
**NIT/SYSTEM No. 144/2025_STDC_445883_1**
Bids are invited from reputed Artist/sculptor for Supply and Installation of Stone and Bronze Statues including construction of Pedestal and Façade lighting of the Statue at Mahakal Corridor, Ujjain
Terms and Conditions can be downloaded dt. 22 Aug 2025 from website **https://mptenders.gov.in**. For any other information contact Mr. D.S. Parihar, Executive Engineer Mob. No. 9424796819 or e-mail at **dsparihar@mpstdc.com Last date and Time for Online Tender Purchase is 20.09.2025 Time 05:00 PM**
M.P. Madhyam/121652/2025 **EXECUTIVE ENGINEER**

## ऑनलाइन खेल से जुड़ा विधेयक लोकसभा में पारित, विज्ञापन करने वाली हस्तियों के लिए सख्त प्रावधान

# मनी गेमिंग में तीन साल की सजा के साथ एक करोड़ का जुर्माना

### शिकंजा

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** लोकसभा में बुधवार को ऑनलाइन खेल संवर्धन एवं विनियमन विधेयक-2025 ध्वनिमत से पारित हो गया। सरकार ने इसमें ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में सट्टेबाजी और जुए में शामिल कंपनियों के खिलाफ कड़े प्रावधान किए हैं। इसके तहत तीन साल की सजा के साथ एक करोड़ रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह विधेयक पेश करते हुए कहा कि 'ऑनलाइन मनी गेम' आज समाज में बड़ी चिंता का विषय बन गया है। कई ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें इसकी लत लग जाती है और जिंदगी भर की बचत उड़ा देते हैं। ऐसे गेम के एल्गोरिद्म ऐसे होते हैं, जिससे हार निश्चित होती है। कई परिवार बर्बाद हो गए, आत्महत्याएं भी हुई हैं। वैष्णव ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 31 महीनों में 32 आत्महत्याएं इस तरह के मामलों में हुई हैं। वहीं, यह विधेयक गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया जाएगा।

### इन खेलों पर प्रतिबंध और कंपनियों के लिए नियम

- किसी भी प्रकार के ऑनलाइन मनी गेम्स (कौशल आधारित, भाग्य आधारित या दोनों) पर पूर्ण प्रतिबंध होगा।
- इसके तहत ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ गतिविधियों जैसे फैंटेसी स्पोर्ट्स, ऑनलाइन जुआ (पोकर, रमी और अन्य कार्ड गेम्स), ऑनलाइन लॉटरी को प्रतिबंधित किया गया है।
- यह प्रतिबंध कम्प्यूटर, मोबाइल ऐप्स या इंटनेट पर संचालित ऑनलाइन 'मनी गेम' पर लागू होंगे
- विदेशों से संचालित ऑनलाइन मनी गेम्स पर भी पूर्ण रूप से रोक होगी
- सभी माध्यमों पर मनी गेम्स के विज्ञापन और प्रचार पर रोक होगी।
- बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं को ऐसे खेलों से जुड़े लेन-देन की अनुमति नहीं होगी।
- प्रमुख धाराओं के तहत अपराध गंभीर और गैर-जमानती होंगे।



### अधिकारी जिम्मेदार होंगे

अगर कोई कंपनी ऑनलाइन मनी गेम के लिए ऐप या डिजिटल मंच लाती है तो ऐसी स्थिति में कंपनी और उसके अधिकारी अपराध के लिए जिम्मेदार होंगे। सरकारी अधिकारियों को कुछ मामलों में बिना वारंट प्रवेश, तलाशी और गिरफ्तारी का अधिकार होगा।



ऑनलाइन गेमिंग के कारण समाज में जो बहुत बड़ी बुराई आ रही है, उससे बचने के लिए यह विधेयक लाया गया है। इसमें भी समाज कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। **– अश्विनी वैष्णव,** केंद्रीय मंत्री

### सजा और जुर्माना

**गेमिंग कंपनियों पर शिकंजा**

- ऑनलाइन मनी गेम्स की पेशकश या सुविधा देने पर तीन साल तक की कैद और/या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना।
- मनी गेम्स के लिए वित्तीय लेनदेन की सुविधा देने वाले बैंक और वित्तीय संस्थानों पर भी 3 साल तक की कैद और/या एक करोड़ जुर्माने का प्रावधान
- बार-बार अपराध करने पर तीन से पांच साल की कैद और 2 करोड़ तक के जुर्माने का प्रावधान

**हस्तियों के विज्ञापन पर सख्ती**

- मनी गेम्स का विज्ञापन करने पर दो साल तक की कैद और/या 50 लाख तक का जुर्माना
- मौजूदा समय में कई मशहूर फिल्मी हस्तियां और खिलाड़ी सट्टेबाजी में शामिल गेमिंग ऐप का विज्ञापन कर रहे

**खेलने वालों पर कार्रवाई नहीं**

- जहां तक गेम खेलने वालों का सवाल है तो सरकार ने उन्हें पीड़ित माना है, उन पर कोई दंड नहीं लगेगा।
- कार्रवाई केवल उन पर होगी जो मंच उपलब्ध कराते हैं या लेन-देन सेवाएं मुहैया कराते हैं

## क्रिकेट समेत अन्य खेलों से जुड़े ऐप्स पर भी संकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन गेमिंग विधेयक का असर 'फैंटेसी गेमिंग' के नाम पर चल रहे क्रिकेट ऐप पर भी दिख सकता है। यह विधेयक वास्तविक धन वाले ऑनलाइन मंच को प्रतिबंधित करने की वकालत करता है, जिनकी भारतीय खेलों, विशेषकर क्रिकेट के प्रायोजन बाजार में हिस्सेदारी है।

विधेयक में नियामक संस्था बनाने की बात है, जो ई-स्पोर्ट्स, एजुकेशनल गेमिंग, सोशल और कैजुअल गेमिंग और पैसे के वास्तविक लेनदेन की गेमिंग चार विविध क्षेत्रों को देखेगी। इनमें से 'ऑनलाइन मनी गेम्स' पर प्रतिबंध लगेगा। क्रिकेट एक ऐसा खेल है, जिसमें वास्तविक धन की गेमिंग का चलन बढ़ गया है और भारतीय टीम का टाइटल प्रायोजक ड्रीम11 है। वहीं, इंडियन प्रीमियर लीग का आधिकारिक फैंटेसी स्पोर्ट्स भागीदार 'माई11 सर्कल' है।

### विधेयक क्या कहता है

विशेषज्ञों के अनुसार, फैंटेसी गेम्स ऐप्स अब भी 'सब्सक्रिप्शन मॉडल' पर चल सकते हैं। मान लीजिए कि आप किसी गेमिंग ऐप के लिए 100 रुपये का भुगतान करते हैं और फैंटेसी गेमिंग में अपने कौशल को देखते हैं। लेकिन वास्तविक धन वाली गेमिंग इस विधेयक के अनुसार प्रतिबंधित है, जिसमें पैसे देकर कमाई की जाती है।

## 20 हजार करोड़ गंवा रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार का अनुमान है कि ऑनलाइन 'रियल मनी' गेमिंग (सट्टेबाजी/जुए) में हर साल करीब 45 करोड़ लोग लगभग 20,000 करोड़ रुपये गंवा बैठते हैं। सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में भारत का ऑनलाइन गेमिंग बाजार 3.7 अरब डॉलर का था, जिसमें से लगभग 86% हिस्सा 'रीयल मनी गेमिंग' का था। अधिकांश ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल, जो सट्टेबाजी या जुए शामिल हैं, वो अपने ऐप या उत्पाद को 'कौशल वाले खेलों' के तौर पर बताते हैं और सट्टेबाजी से अलग दिखाने की कोशिश करते हैं। उदाहरण के तौर पर गेमिंग ऐप में रमी भले ही 'कौशल वाले खेलों' में शामिल हो, लेकिन कुछ भी दांव पर लगाने से यह खेल जुआ बन जाता है।

## बाजार 30s

### शेयर बाजार

| सेंसेक्स | | | निफ्टी | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 81857 | +213.45 | | 25050 | +69.90 | |
| **टॉप गेनर** | | | **टॉप गेनर** | | |
| कंपनी | बंद भाव | बदलाव% | कंपनी | बंद भाव | बदलाव% |
| इंफोसिस | 1495.85 | 3.88 | इंफोसिस | 1495.10 | 3.83 |
| टीसीएस | 3097.40 | 2.69 | टीसीएस | 3094.80 | 2.61 |
| **टॉप लूजर** | | | **टॉप लूजर** | | |
| बीईएल | 371.75 | -2.16 | बीईएल | 371.80 | -2.17 |
| बजाज फाइ | 887.70 | -1.64 | श्रीराम फाइ | 616.10 | -1.64 |

### कमोडिटी

| | भाव | बदलाव |
|---|---|---|
| सोना | 1,00,020 | -400 |
| चांदी | 1,12,500 | -1500 |

**करेंसी**
डॉलर/रुपया
87.07 +0.06

## वीआईटी के पूर्व छात्रों को सम्मानित किया



**चेन्नई।** वेलूर प्रौद्योगिकी संस्थान, चेन्नई परिसर में क्रिस्टल कनेक्शन्स पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर संस्थान ने अपने पूर्व छात्रों को उत्कृष्टता सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में सिनेमा जगत के दिग्गज और सांसद डॉ. कमल हासन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। संस्थापक-परिसर अध्यक्ष डॉ. जी. विश्वनाथन ने अध्यक्षता की, जबकि उपाध्यक्ष डॉ. जी.वी. सेल्वम ने सभी का स्वागत किया। डॉ. जी. विश्वनाथन ने कहा कि केवल शिक्षा, विशेषकर उच्च शिक्षा से ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है।

## 'अर्थव्यवस्था मजबूती की तस्वीर पेश कर रही'

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क को लेकर अनिश्चितताएं अब भी जारी हैं, इसलिए केंद्रीय बैंक को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने इस महीने के शुरू में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो दर को यथावत रखने के पक्ष में मतदान करते हुए यह बात कही थी।

## ऊर्जा आयातक से निर्यातक बन सकता है देश



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि यदि देश में हाइड्रोजन बनाने की लागत को एक डॉलर प्रति किलोग्राम तक लाया जा सका, तो वह ऊर्जा आयातक से वैश्विक निर्यातक बन सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में हाइड्रोजन की लागत लगभग पांच से छह डॉलर प्रति किलोग्राम है, जो पारंपरिक ईंधनों की तुलना में काफी महंगी है।

## बाजार पांचवें दिन भी चढ़ा, निफ्टी 25,000 के पार

**मुंबई, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 213 अंक के लाभ में रहा, जबकि निफ्टी 25,000 अंक के पार पहुंच गया। मुख्य रूप से आईटी शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी बनी रही।

सेंसेक्स 213.45 अंक चढ़कर 81,857.84 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 341.23 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 69.90 अंक बढ़कर 25,050.55 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में, इन्फोसिस में सबसे अधिक 3.88 प्रतिशत और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 2.69 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इटर्नल और एचसीएल टेक भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स और ट्रेंट शामिल हैं।

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए।

- **आईटी शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी बनी रही**

## सोना और चांदी में गिरावट जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 400 रुपये टूटकर 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। चांदी 1,500 रुपये टूटकर 1,12,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

जानकारों ने कहा, सोने में गिरावट का कारण अमेरिकी डॉलर का मामूली बढ़त के साथ एक हफ्ते के उच्चतम स्तर पर पहुंचना है।

साथ ही ट्रंप की पुतिन, जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक के सकारात्मक नतीजों के बाद जोखिम कम होने की उम्मीद का भी असर हुआ है। इससे संघर्ष के संभावित समाधान की उम्मीद बंधी है, जो हाल के दिनों में सोने की कीमतों में गिरावट का प्रमुख कारण रहा है।

## 'सरल जीएसटी से व्यापार को बढ़ावा'

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का कहना है कि केंद्र सरकार का जीएसटी दरों में बदलाव और जीएसटी पंजीकरण, रिटर्न व रिफंड से जुड़ी प्रक्रिया में सुधार का प्रस्ताव आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम कदम है।

इन सुधारों का उद्देश्य अनुपालन को सरल बनाना, व्यापार को समर्थन देना और समग्र रूप से जीवन एवं कारोबार करने की सुगमता को बढ़ाना है।

बुधवार को विज्ञान भवन में जीएसटी परिषद से जुड़े मंत्रियों के समूह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि संरचनात्मक सुधार, दरों को तर्कसंगत बनाना और जीवन को आसान बनाना बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का प्रस्ताव अहम बिंदुओं पर केंद्रित है। संरचनात्मक सुधार के रूप में उल्टे शुल्क ढांचे को ठीक करना जरूरी है, जिससे इनपुट टैक्स क्रेडिट की अधिक निकासी एवं दावों को रोका जा सके। साथ ही, घरेलू मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिले। वर्गीकरण संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा, जिससे अनुपालन सरल हो और विवादों की संख्या में कमी आए। दूसरा, दरों को तर्कसंगत बनाना है, जिससे आम जनता, किसानों, मध्यम वर्ग और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) को राहत प्रदान की जा सके।

### लक्ष्य लोगों के जीवन को आसान बनाना



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार का प्रस्ताव का लक्ष्य लोगों को जीवन को आसान बनाना है। त्रुटियों को कम करने के लिए प्री फाइल रिटर्न उपलब्ध कराया जाएगा। रिटर्न भरने के बाद रिफंड भी एक निर्धारित समय सीमा के अंदर प्रदान किया जाएगा। उधर, केंद्र सरकार की तरफ से कहा गया है कि केंद्र सरकार आने वाले हफ्तों में राज्यों के साथ व्यापक सहमति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को भी जीएमओ की बैठक में प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

## पीएनबी सुरक्षित पोर्टल वाला पहला बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब नेशनल बैंक **bank.in** डोमेन इस्तेमाल करने वाला पहला बैंक बन गया है। इस परिवर्तन के बाद उसकी वेबसाइट **www.pnb.bank.in** होगी। यह बदलाव 22 अप्रैल, 2025 को जारी आरबीआई के निर्देश के अनुरूप है।

इस कदम के साथ, पीएनबी ने ग्राहकों के लिए सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग मुहैया करवा दी है। यह विशेष डोमेन खासतौर से बैंकों के लिए आरक्षित है।

इस पहल का उद्देश्य साइबर सुरक्षा खतरों और फिशिंग जैसी गतिविधियों को कम करना और सुरक्षित वित्तीय सेवाएं सुनिश्चित करना है, जिससे डिजिटल बैंकिंग और भुगतान सेवाओं में ग्राहकों का विश्वास बढ़े। आरबीआई के निर्देश के अनुसार सभी बैंकों को अपनी वेबसाइट 'डॉट बैंक डॉट इन' डोमेन में स्थानांतरित करनी होंगी। उन्हें यह बदलाव 31 अक्टूबर 2025 तक पूरा करना होगा। आरबीआई ने ये कदम इसलिए उठाया है ताकि डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन बैंकिंग में हो रही धोखाधड़ी को रोका जा सके।

### सुरक्षित डोमेन की जरूरत इसलिए...



लोग नकली बैंक वेबसाइट पर जाकर अपना निजी डाटा शेयर कर देते हैं, जिससे खाते से उनकी रकम चोरी हो जाती है। इसको रोकने के लिए आरबीआई ने तय किया है कि सभी बैंकों की वेबसाइट अब एक खास और भरोसेमंद डोमेन यानी **.bank.in** पर होनी चाहिए। इससे ग्राहक को समझ आ जाएगा कि यह असली बैंक की वेबसाइट है। नया डोमेन बैंकों को एक विश्वसनीय पहचान देगा, जिससे फिशिंग अटैक्स, स्पूफिंग और फर्जी वेबसाइट्स पर रोक लगेगी। आरबीआई के मुताबिक आगे चलकर, वित्तीय क्षेत्र की अन्य गैर-बैंकिंग संस्थाओं के लिए fin.in नामक एक विशेष डोमेन रखने की योजना है।

## सालाना फास्टैग पास पांच लाख यात्रियों ने अपनाया

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** आम सड़क यात्रियों को मंहगे टोल टैक्स से राहत देने वाली वार्षिक फास्टैग पास योजना ने महज चार दिनों (18 अगस्त तक) के भीतर ही पांच लाख से ज्यादा ग्राहकों का आंकड़ा पार कर लिया है। इसे 15 अगस्त 2025 को शुरू किया गया था।

सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फास्टैग पास खरीदने के मामले में तमिलनाडु सबसे आगे रहा है जिसके बाद दूसरे स्थान पर कर्नाटक और हरियाणा का तीसरा नंबर है।

इसके अलावा उक्त राज्यों में टोल प्लाज़ा पर सबसे ज्यादा टोल टैक्स भुगतान भी इसी पास के ज़रिए किए गए। वहीं, दूसरी ओर एनएचएआई के राजमार्गयात्रा ऐप ने भी एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर ओवरऑल रैंकिंग में 23वें नंबर पर पहुंच गया है और यात्रा श्रेणी में दूसरे नंबर का स्थान हासिल कर लिया है। इस ऐप को 15 लाख से ज़्यादा बार डाउनलोड किया गया है और इसकी रेटिंग 4.5 स्टार पहुंच गई है।

**दो घंटे में सक्रिय हो जाता है पास** : फास्टैग एनुअल पास नेशनल हाईवे के यूजर्स के लिए सफर को और आसान और किफायती बनाने के लिए लाया गया है। यह पास, एक साल की वैधता या 200 टोल प्लाजा पार करने के लिए है। इसकी एकमुश्त फीस 3,000 रुपये मात्र है। यह पास उन सभी नॉन-कमर्शियल गाड़ियों के लिए है, जिनके पास वैध फास्टैग है।

## चीन से आयात पर निर्भरता घटानी होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को दुर्लभ खनिजों और उर्वरकों के निर्यात पर पाबंदियों में ढील देने का चीन का फैसला एक सकारात्मक संकेत है।

हालांकि भारत को पड़ोसी देश पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए काम करना चाहिए जिसके साथ उसका 100 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार घाटा चिंताजनक है।

## आधार से सत्यापन करेगी स्टारलिंक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलन मस्क के नेतृत्व वाली स्टारलिंक देश में ग्राहकों को शामिल करने से पहले उनके सत्यापन के लिए आधार प्रमाणीकरण का उपयोग करेगी।

बुधवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। सरकार ने स्टारलिंक को देश में उपग्रह-आधारित ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने की मंजूरी दे दी है। यूआईडीएआई ने स्टारलिंक सैटेलाइट कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड को शामिल कर लिया है।

## वित्तमंत्री के नाम पर फर्जी निवेश योजना से सावधान

### चेताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो में दावा किया जा रहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने एक नए निवेश प्लेटफॉर्म की शुरुआत की है।

इसमें सिर्फ 21 हजार रुपये लगाने पर 20 लाख रुपये तक की आय हर महीने हो सकती है। हालांकि पीआईबी की फैक्ट चेक टीम ने इस दावे को पूरी तरह गलत और फर्जी करार दिया है।

उसने कहा इसका मकसद लोगों को धोखा देना है। एक अन्य वीडियो में वित्तमंत्री को कथित तौर पर 'क्वांटमएआई' नामक निवेश प्लेटफॉर्म को प्रमोट करते हुए दिखाया गया है। इस पर पीआईबी टीम ने साफ कहा है कि यह वीडियो भी पूरी तरह फर्जी और भ्रामक है।

## बुनियादी उद्योगों की वृद्धि सुस्त

**नई दिल्ली।** जुलाई के महीने में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर दो माह के निचले स्तर दो प्रतिशत पर आ गई। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस एवं रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में गिरावट से ऐसा हुआ।

पिछले वर्ष जुलाई में इन आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही थी जबकि जून, 2025 में यह 2.2 प्रतिशत रही। जुलाई महीने में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में गिरावट से बुनियादी उद्योगों की समग्र वृद्धि दर प्रभावित हुई।

## ईपीएफओ से जून माह में जुड़े रिकॉर्ड सदस्य

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** ईपीएफओ से जून में शुद्ध रूप से रिकॉर्ड 21.89 लाख सदस्य जुड़े हैं। इस दौरान सालाना आधार पर 13.46 प्रतिशत और मासिक आधार पर 9.14 प्रतिशत अधिक कर्मचारी ईपीएफओ के सदस्य बने हैं।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय का कहना है कि जून में 10.62 लाख नए सदस्य ईपीएफओ के साथ जुड़े जो मई की तुलना में 12.68% और सालाना आधार पर 3.61% अधिक है। इनमें 18 से 25 वर्ष की आयु वर्ग के 6.39 लाख युवा शामिल हैं, जो कुल नए सदस्यों का 60.22% रहा है।

### तीन लाख नई महिलाओं को मिला रोजगार

जून में 3.02 लाख नई महिला सदस्य जुड़ीं, जिससे कुल महिला शुद्ध पेरोल वृद्धि करीब 4.72 लाख रही। इसमें सालाना आधार पर 10.29 प्रतिशत और मासिक आधार पर 11.11 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई, जो कार्यबल में बढ़ती विविधता को दर्शाती है।

## उ0प्र0 लोक सेवा आयोग

**विज्ञप्ति**

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष-2025 में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं हेतु जारी वार्षिक परीक्षा कैलेण्डर दिनांक-28 जनवरी, 2025 में क्रम सं0-21 पर उल्लिखित सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा (सामान्य / विशेष चयन) मुख्य परीक्षा-2024 हेतु निर्धारित तिथि में आंशिक संशोधन करते हुए प्रश्नगत परीक्षा दिनांक 28.09.2025 (रविवार) एवं 29.09.2025 (सोमवार) को प्रदेश के दो जनपदों प्रयागराज एवं लखनऊ में प्रथम सत्र 09.30 बजे से 12.00 बजे तक तथा द्वितीय सत्र 02.30 बजे से 05.00 बजे तक निम्न कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न होगी-

| परीक्षा तिथि व शाखा | पूर्वान्ह सत्र प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक | अपराह्न सत्र अपरान्ह 2:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक |
|---|---|---|
| 28.09.2025 (रविवार) सिविल शाखा | 1- सामान्य हिन्दी 2- मुख्य विषय (सिविल इंजी0-1, | 1-सामान्य अध्ययन 2-मुख्य विषय (सिविल इंजी0-2, |
| 29.09.2025 (सोमवार) अन्य शाखा (मेकै0इंजी0, विद्युत इंजी0, कृषि इंजी0 | 1-सामान्य हिन्दी 2-मुख्य विषय (मेकै0 इंजी0-1, विद्युत इंजी0-1, कृषि इंजी0-1 | 1-सामान्य अध्ययन 2-मुख्य विषय (मेकै0 इंजी0-2, विद्युत इंजी0-2, कृषि इंजी0-2 |

**नोटः** अपरिहार्य परिस्थितियों में उक्त परीक्षा कार्यक्रम में परिवर्तन किये जा सकते है।
**संख्याः-** 33/01/ई-4/2025-26 (वीरेन्द्र मणि त्रिपाठी)
**दिनांकः-**प्रयागराज, 20 अगस्त, 2025 उपसचिव।

## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु ऑनलाइन, ई-टेण्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण, नियम एवं शर्तें भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। **ई-निविदा संख्याः** 50255796, **निविदा खुलने की तिथिः-** 22.09.25, **सामग्री का विवरणः** सप्लाई ऑफ परमानेंटली लुब्रिकेटेड एच डी पी ई डक्ट, 40/33 mm आउटर/इनर, एज पर आर डी एस ओ स्पेसिफिकेशन नं. RDSO/SPN/TC/45/2013 Rev.2 Amndt.2 अलोंग विथ आल एक्सेसरीज, **मांगी गई मात्राः** 192.10 KM, **बयाना राशिः** ₹ 1,94,160.00, **नोटः** इच्छुक फर्मे सीसीए द्वारा जारी क्लास-III डिजीटल सर्टिफिकेट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाईट पर पंजीकृत कर सकते है। मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं है।

**वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक**
**मुजाधि/एस-40** **वाराणसी**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

## भारतीय मानक ब्यूरो

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
(उपभोक्ता मामले विभाग), भारत सरकार
**मध्य क्षेत्रीय कार्यालय**
601ए, कनेक्टस टावर, भवभूति मार्ग, अजमेरी गेट दिल्ली -110001
ईमेल - cro@bis.gov.in.

**विज्ञापन संख्या 01 वाईपी/2025/सी आर ओ**

1. भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक सांविधिक और भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है। यह देश में मानकीकरण, उत्पाद एवं पद्धति प्रमाणन, हॉलमार्किंग, प्रयोगशाला परीक्षण आदि के क्षेत्र में गतिविधियां संचालित करता है।
2. बीआईएस ऐसे भारतीय नागरिकों को अनुबंध आधार पर यंग प्रोफेशनलों के रूप में बीआईएस के साथ काम करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है, जो प्रमाणित शैक्षणिक योग्यता, व्यावसायिक उपलब्धि, कम्प्यूटर पर टेक्नॉलजी आधारित कौशल की अच्छी कार्यकारी जानकारी तथा प्रबल संवाद एवं पारस्परिक कौशल और नेतृत्व की योग्यता रखते हों। विज्ञापन का विवरण निम्नलिखित प्रकार से हैः

| क्र.सं. | पद का नाम | यंग प्रोफेशनल |
|---|---|---|
| 1. | पदों की संख्या | 2* |
| 2. | नियुक्ति का तरीका | साक्षात्कार के माध्यम से अनुबंध-आधारित नियुक्ति। |
| 3. | तैनाती का स्थान | दिल्ली |
| 4. | शैक्षिक योग्यता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान/इंजीनियरिंग/बीई/बी-टेक के किसी भी विषय में नियमित स्नातक और किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से नियमित एमबीए या समकक्ष और न्यूनतम अंक प्रतिशत /सीजीपीएः यूजी और पीजी दोनों में 60%. (कृपया हमारी वेबसाइट - https://www.bis.gov.in पर विस्तृत विज्ञापन देखें) आवश्यक अनुभवः कम से कम दो (2) वर्ष का अनुभव अधिमानतः मार्केटिंग या समकक्ष क्षेत्र में। (अधिमानतः प्रबंधन पद्धति प्रमाणन से परिचित) |
| 5. | कार्य का विवरण | कृपया विस्तृत विज्ञापन हमारी वेबसाइट https://www.bis.gov.in पर देखें। |
| 6. | आवेदन की अंतिम तिथि | उम्मीदवारों को केवल बीआईएस वेबसाइट https://www.services.bis.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। कृपया लॉग इन करें और यहां जाएंः भर्ती आवेदन-वाईपी भर्ती आवेदन प्रारूप -सीआरओ के लिए आवेदन करें। |
| 7. | पारिश्रमिक | 70,000/- रुपये (केवल सत्तर हजार रुपये) का समेकित मासिक पारिश्रमिक |
| 8. | आवेदन की अंतिम तिथि | 20.08.2025 से 13.09.2025 23:59 घंटे तक |

* कृपया ध्यान दें कि आवश्यकताओं के अनुसार पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। MSCO(CRO)

## इंडस टावर्स लिमिटेड

indus TOWERS

**सी.आई.एन.:** L64201HR2006PLC073821
**पंजी. कार्यालयः** बिल्डिंग नं. 10, टॉवर ए, चतुर्थ तल, डीएलएफ साइबर सिटी, गुरूग्राम-122002, हरियाणा
**दूरभाषः** +91-124-4296766, फैक्सः +91-124-4289333
**ई-मेलः** compliance.officer@industowers.com **वेबसाईटः** www.industowers.com

**सूचना**

**विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि ("आईईपीएफ") में इंडस टॉवर्स लिमिटेड के इक्विटी शेयरों का हस्तांतरण**

यह सूचना कंपनी अधिनियम, 2013 (**"अधिनियम"**) के साथ पठित विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, संपरीक्षा, अंतरण और प्रतिदाय) नियम, 2016 (**"नियम"**) के प्रावधानों के अनुपालन में प्रकाशित की गई है। अधिनियम व नियम के अनुसार उन इक्विटी शेयरों का आईईपीएफ में हस्तांतरण अनिवार्य है, जिनमें लाभांश लगातार सात साल या उससे अधिक की अवधि में भुगतान या चुकता नहीं किया गया है।

उपर्युक्त आवश्यकताओं का पालन करते हुए, ऐसे शेयरधारकों को व्यक्तिगत रूप से एक संचार भेजा जा रहा है/भेजा जाएगा, जिनके लाभांश वित्तीय वर्ष 2018-2019 (प्रथम अंतरिम लाभांश 2018-19) के लिए लाभांश की घोषणा की तारीख से शुरू होने वाले लगातार सात वर्षों तक अवैतनिक/अदावा किए गए रहते हैं, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे उपर्युक्त पत्राचार में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके रविवार, **23 नवंबर, 2025** को या उससे पहले इसका दावा करें।

शेयरधारकों के हित में, जिन शेयरधारकों के ई-मेल एड्रेस कंपनी के साथ पंजीकृत हैं, उन्हें ई-मेल भेजा जा रहा है/भेजा जायेगा व जिन शेयरधारकों के ईमेल एड्रेस पंजीकृत नहीं है, कृपया ध्यान दें कि प्रक्रिया सहित आईईपीएफ में हस्तांतरित होने योग्य इस तरह के शेयरों का अपेक्षित विवरण यहां वर्णित अनुसार कंपनी की वेबसाइट https://www.industowers.com/investor/shares/. पर अपलोड किया गया है। उक्त वर्णित समय सीमा के भीतर शेयरधारकों द्वारा वैध दावे की प्राप्ति के अभाव में, कंपनी उक्त शेयरों को आईईपीएफ में हस्तांतरित कर देगी।

शेयरधारक कृपया ध्यान दें कि कंपनी ने ऐसे शेयरधारकों के विवरणों की अद्यतन सूची अपनी वेबसाइट www.industowers.com पर अपलोड कर दी है, जिनके इक्विटी शेयर IEPF को हस्तांतरित किए जाने योग्य हैं।

हस्तांतरित इक्विटी शेयरों के संबंध में अन्य लाभांश/लाभ, यदि कोई हो, तो भी आईईपीएफ में जमा किया जाएगा। आईईपीएफ में हस्तांतरित शेयरों के संबंध में कोई दावा और लाभांश कंपनी के विरूद्ध नहीं होगा। आईईपीएफ में लाभांश और शेयरों के हस्तांतरण पर, शेयरधारक नियमों के अनुसार, फॉर्म आईईपीएफ-5 में आईईपीएफ प्राधिकरण को एक आवेदन करके दावा कर सकते हैं। उक्त फॉर्म कंपनी की वेबसाइट और आईईपीएफ की वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध है।

किसी भी पूछताछ के मामले में, शेयरधारक कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, सेलिनियम बिल्डिंग, टॉवर बी प्लॉट 31-32, गच्चीबावली, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद- 500032, टॉल फ्री नं. 1800-3094-001 ई-मेल आईडीः einward.ris@kfintech.com वेबसाइट www.kfintech.com पर संपर्क कर सकते हैं।

**इंडस टॉवर्स लिमिटेड** कृते
हस्ता./-
समृद्धि रोढ़े
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थानः गुरूग्राम
दिनांकः अगस्त 20, 2025